प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री – वीर सावरकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी के समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के आंदोलन में वीर सावरकर के अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ–प्रदर्शक बना रहेगा।

कार्रवाई

प्रदेश सरकार ने अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीएस गृह ओंकार शर्मा, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा और एसपी शिमला संजीव गांधी को छुट्टी पर भेज दिया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

*सुक्खू सरकार ने अफसरशाही की अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई की है। एसीएस गृह ओंकार शर्मा, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा और एसपी शिमला संजीव गांधी को छुट्टी पर भेज दिया है।मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में बुधवार को ओक ओवर शिमला में हुई उच्च अधिकारियों की बैठक में तीनों अधिकारियों की भूमिका पर चर्चा हुई। उसके बाद सरकार ने इन्हें छुट्टी पर भेजने और इन पर कार्रवाई करने का फैसला लिया। इस दौरान एसीएस ओंकार शर्मा के कार्यभार का जिम्मा केके पंत, डीजीपी के कार्यभार का जिम्मा एडीजीपी अशोक तिवारी, एसपी शिमला का कार्यभार जिला सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह को दिया गया है।*

ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपेगा। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि विमल नेगी मामले में पुलिस प्रशासन के रवैए को लेकर जो स्थिति उत्पन्न हुई है उसको लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, सभी सांसद और विधायक शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कुल्लू जिला के बंजार विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घघाटन व शिलान्यास करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री क्षेत्र के दूरस्थ गांव शरची में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता–

*मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कुल्लू ज़िला के बंजार विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वे करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घघाटन व शिलान्यास करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री क्षेत्र के दूरस्थ गांव शरची में सरकार गांव के द्वार में भाग लेंगे तथा उनका रात्रि विश्राम वहीँ होगा। वे ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क देहुरी में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ज़िला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।*

आयुष मंत्री

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि मेले और उत्सव स्थानीय आस्थाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक हैं। कांगड़ा जिले के पालमपुर के लोअर खैरा में छह दिवसीय सती मां सुन्यारी मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में मेलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, मेल–जोल और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश सीमापार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विश्वभर में भेजे गये भारत के बहुदलीय प्रतिनिधि मंडलों की यात्रा के दौरान अलग–अलग देशों में नेताओं, सांसदों, बुद्धिजीवियों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ उनकी बातचीत में गूंज रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की। इस दौरान थरूर ने कहा कि भारत को युद्ध छेडने में कोई दिलचस्पी नहीं थी लेकिन ऐसा महसूस किया गया कि आतंकवाद से जुडी हरकतों का उचित दंड अवश्य दिया जाना चाहिए।

आयकर रिटर्न

आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सीबीडीटी के बयान में कहा गया है कि आईटीआर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन और लोगों को आवश्यक दस्तावेज हासिल करने का समय देने के लिए यह फैसला किया गया

है। करदाताओं के लिए सहज और अधिक सटीक फाइलिंग सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर बाद 3 बजे। नमस्कार।

..............................